भर्ती हेतु सूचना
उप–परामर्शदाता– (कार्मिक एवं प्रशासन) (पीएमएसएसवाई) (2 पद)

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

शैक्षणिक योग्यता
किसी मान्यताप्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से विधि में स्नातक उपाधि।

न्यूनतम अनुभवः 3 वर्ष
केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों में प्रशासन/मानव संसाधन के क्षेत्र में कार्य करने/विधि मंत्रालय में कार्य करने या सरकारी संगठनों/स्वायत्तशासी निकायों/संस्थाओं से संबंधित अदालती मामले/मध्यस्थता के मामले/पी एंड ए/कानूनी मामले निपटाने का अनुभव।

कर्तव्यः
(क) पीएमएसएसवाई प्रभाग के अदालती मामलों/मध्यस्थता के मामलों का निपटारा करना।
(ख) स्वायत्तशासी निकायों के मानव संसाधन से संबंधित मामलों (भर्ती आदि) में परामर्श देना।
(ग) मानव संसाधन से संबंधित मामले
(घ) संयुक्त सचिव (पीएमएसएसवाई) द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य

पारिश्रमिकः
उप–परामर्शदाता– (कार्मिक एवं प्रशासन) को 50,000/– प्रतिमाह का समेकित पारिश्रमिक देय होगा। एक वर्ष से अधिक के लिए नियुक्त किए गए परामर्शदाता के लिए पारिश्रमिक में वृद्धि मंत्रालय की मौजूदा नीति के अनुसार देय होगी।

आयु सीमाः अधिकतम 65 वर्ष

अपने कार्यवृत्त में आयु, उपाधियां प्राप्त करने के वर्ष, मौजूदा और पूर्व रोजगार की अवधि/तिथियों का उल्लेख करना अनिवार्य है, इनके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

आवेदन, ई–मेल द्वारा pmssy.nhsrc@gmail.com पर अथवा डाक द्वारा/दस्ती रूप से मानव संसाधन प्रबंधक, एनएचएसआरसी, एनआईएचएफडब्ल्यू परिसर, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली–110067 को **दिनांक 21 फरवरी, 2016 को अपराह्न 4 बजे तक** पहुंच जाने चाहिए। **कृपया डाक द्वारा भेजे गए आवेदनों के मामले में लिफाफे पर तथा ई–मेल से किए जाने वाले आवेदनों के मामले में विषय–लाइन पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख अवश्य करें, अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।**